खबर संक्षेप

कलेक्टर ने 26 जनवरी के आयोजन संबंधी बैठक ली

मण्डला। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन संबंधी बैठक ली। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस का आयोजन गरिमामय रूप से सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं पुख्ता करें। आयोजन के संबंध में जिन विभागों को जिम्मेदारियां प्रदान की गई है वे सभी निर्धारित समय से पूर्व अपनी तैयारियाँ पूर्ण कर लें। उन्होंने ध्वजारोहण के दौरान एवं पश्चात ध्वजसंहिता का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि मार्चपास्ट की बेहतर तैयारी कराएं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में थीम तथा गुणवत्ता का ध्यान रखें। शासन की प्राथमिकता की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए झाकियां तैयार करें। कलेक्टर ने परेड, पार्किंग व्यवस्था, बैठक व्यवस्था तथा गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किए जाने आदि के संबंध में जरूरी निर्देश दिए। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सहित, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा एवं जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ और आशुतोष ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

प्राणायाम और योग की विभिन्न मुद्राओं का हुआ अभ्यास

मण्डला। 12 जनवरी 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर प्रदेश के साथ मण्डला जिले में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिले के समस्त स्कूलों में एकसाथ सम्पन्न हुआ। जिला स्तर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण से किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक साथ सभी ने सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में भाग लेकर विभिन्न आसन किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रेडियो संदेश का प्रसारण भी किया गया। मंच पर प्रमोद दुबे, मिनी सिंह, रूबीना सिंह, कमलेश धर दुबे ने उपस्थितजनों को योगाभ्यास कराया। प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कार्यक्रम के संबोधन में राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी एवं कहा कि आज हम विवेकानंद जी को विश्व गुरू के रूप पहचान रहे हैं। उन्होने स्वामी विवेकानंद जी के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि उठो, जागो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।

वार्षिकोत्सव में दिखाई दिये कला के विविध रंग

महर्षि विद्या मंदिर में 'ज्ञान युग दिवस'

*** भव्य एवं दर्शनीय रहा आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

महर्षि विद्या मंदिर में 12 जनवरी 2025 को वार्षिकोत्सव 'ज्ञान युग दिवस' का आयोजन पूरे उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पारंपरिक गुरुपूजन के साथ हुई। स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

संस्था प्रमुख डॉ. उपेंद्र शुक्ला ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके पश्चात सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया, जिनमें वेलकम डांस, पेरेंट्स थीम, फार्मर थीम, सेव वॉटर थीम, सेव एनिमल थीम, स्टॉप चाइल्ड लेबर थीम, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ थीम और रामायण आधारित प्रस्तुति शामिल थीं। इन कार्यक्रमों ने सामाजिक जागरूकता का संदेश देते हुए दर्शकों को प्रेरित किया।

छात्राओं को किया गया सम्मानित

विद्यालय की मेधावी छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में 98.7% अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल करने वाली निष्ठा पांडे को कलेक्टर महोदय ने सम्मान पत्र प्रदान किया। इसी तरह, कक्षा 12वीं में 90.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पाने वाली सेजल पटैल को भी सम्मानित किया गया।

कलेक्टर ने दिया प्रेरणादायक संदेश

मुख्य अतिथि कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में गुरुदेव को नमन करते हुए विद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के प्रति समर्पित रहने और आत्मविकास के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि समाज और देश की प्रगति में शिक्षा का विशेष योगदान होता है, और ऐसे कार्यक्रम छात्रों को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

प्राचार्य और चेयरमैन का योगदान

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. उपेंद्र शुक्ला ने अपने संबोधन में गुरुदेव महर्षि महेश योगी जी के 108वें अवतरण दिवस को 'ज्ञान युग दिवस' के रूप में मनाने की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने महर्षि भावातीत ध्यान के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यालय की सफलता का श्रेय चेयरमैन डॉ. गिरीश चंद्र वर्मा के कुशल नेतृत्व को दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वल्पा बड़गैया,अर्चना पाठक और कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने किया। अंत में वरिष्ठ शिक्षिका ममता शर्मा ने आभार व्यक्त किया।राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस सफल आयोजन में विद्यालय परिवार, अभिभावकों, समाजसेवियों, और अन्य विद्यालयों के प्राचार्यों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम ने शिक्षा और संस्कार के महत्व को प्रकट करते हुए छात्रों और अभिभावकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ी।

पंचायतो में चल रहे पक्के निर्माण, कार्य में अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत कई पंचायत में पक्के निर्माण काय चल रहे हैं परंतु इंजीनियर एवं पंचायत की लापरवाही के कारण अपने ही चिन्हित को रेत गिट्टी सीमेंट लोहा आदि सप्लाई करने के लिए कहा जा रहा है जबकि नियम अनुसार प्रत्येक पक्के निर्माण कार्य में रेत गिट्टी सीमेंट लोहा की निविदा बुलाई जाती है जो की एक सप्ताह के अंदर निविदा कारों से रेटलिट कर काय जो कम रेट में लिफाफा खुलता है उसको ही सामग्री पहुंच सकता है परंतु पंचायत में 1 लाख से लेकर 11 लख रुपए तक के पक्के निर्माण काय हो रहे हैं जिसमें अभी तक पंचायत द्वारा किसी प्रकार की कोई निविदा नहीं जारी की सचिव सरपंच एवं इंजीनियर की मिली भगत से अपने पहचान की दुकानों से सामग्री अधिक रेट में खरीद कर निर्माण कार्य जा रहा है एवं शासन को चूना लगाया जा रहा है अधिक रेट की सामग्री खरीद कर सारे नियमों की उड़ाई जा रही हैं और फर्जी बिल लगाकर राशि का हरण किया जा रहा है निर्माण कार्य में ना तो बोर्ड ना कोई ऐसी सूचना दी जाती है कि किस मद से कितनी राशि और कितने समय तक , कार्य पूर्ण की स्थिति होती है परंतु इस तरह की लापरवाही के कारण सरपंच सचिव द्वारा किया जा रहा है एवं कामों को ठेकेदारी में दी जा रही है संबंधित अधिकारी से निवेदन है कि तत्काल चल रही अनियमिकताएं पर रोक लगाकर कार्यवाही की जाए।

सेवानिवृत शासकीय सेवकों का सम्मान और पीपीओ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने माह दिसम्बर में अलग-अलग कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों का सम्मान और पीपीओ वितरण किया। कलेक्टर ने पीपीओ वितरण के साथ सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह और अरविंद सिंह, जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ वितरण किए गए हैं उनमें बीईओ कार्यालय मंडला से सिद्धूसिंह वरकड़े, अमीता पटेल, मिलन सिंह वरकड़े, श्याम कुमार पाठक और संतोष कुमार पटेल, बीईओ कार्यालय नारायणगंज से संतोष कुमार संत, बीईओ कार्यालय नैनपुर से कृष्णा सिंगरे और सुंदरलाल उइके, बीईओ कार्यालय घुघरी से कृष्ण कुमार तेकाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यायल से चंद्रभान साहू, सेनानी 35वी वाहिनी मंडला से बालकराम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय मंडला से सतीश कुमार रंगारे और राजेंद्र कुमार साहू, कलेक्टर कार्यालय से आशा रावत तथा जिला एवं सत्र न्यायालय से शचीद्रा श्रीवास्तव शामिल हैं।

झोलाछाप डॉक्टर पर नहीं हो रही कार्यवाही, अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत हर गांव में झूला छाप डॉक्टर द्वारा लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर उन्हें गलत इलाज कर रोगी बनाया जा रहा है इस तरह समस्या पर जिला अधिकारी द्वारा निर्देशित सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को निदश दिया जाता है कि झोलाछाप डॉक्टरों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए परंतु जनपद पंचायत नारायणगंज क्षेत्र में जहां पर कई संख्याओं में झोलाछाप डॉक्टर अपनी मनमानी कर लोगों से पैसे ऐट कर गलत इलाज कर रहे हैं जिसका परिणाम लोगों के स्वास्थ्य पर पढ़ रहा है परंतु इन डॉक्टरों पर ना तो कोई कार्यवाही की जा रही है ना तो आज तक कोई भी ऐसा प्रकरण नहीं बना जिसमें उन पर कोई ठोस कार्रवाई की गई हो जनपद पंचायत नारायणगंज के अधिकारी द्वारा इस तरह की मौन रहकर बैठकर भोली भाली जनता पर हो रहे गलत उपचार पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है जिससे झोलाछाप डॉक्टरों के हौसले बुलंद हैं लोगों को गलत सलाह देकर उनसे पैसा ऐट कर उन पर गलत दवाइयां का इलाज कर उन्हें लूटा जा रहा है जबकि स्वास्थ्य विभाग नारायणगंज में ऐसी व्यवस्था की गई है जिसमें लोगों को अपना स्वास्थ्य संबंधी कोई भी बीमारी का इलाज नारायणगंज स्वास्थ्य केंद्र में हो सके या उन्हें उचित सलाह दी जा रही है परंतु ऐसे में हर गांव में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गलत असर हो रहा है अतः जिला कलेक्टर महोदय से निवेदन है शीघ्र ही जनपद क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों पर उचित कार्यवाही करने की दया करें।

बैठक | समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

आनंद उत्सव में आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित करें

*** न्यायालयीन प्रकरणों का समय पर प्रस्तुत करें जबाव।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक ली। 14 से 28 जनवरी 2025 तक आयोजित होने वाले आनंद उत्सव की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पंचायतों में कलस्टर बनाकर आयोजन स्थलों का चयन कर पारंपरिक खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह एवं अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, आशुतोष ठाकुर सहित समस्त एसडीएम तथा जिला अधिकारी उपस्थित थे।

विभागवार सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रत्येक प्रकरणों का समय सीमा में सकारात्मक निराकरण करें। प्रकरणों को संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने का प्रयास करें। उन्होंने 50 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर फोकस करें। उपार्जन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि उपार्जित धान के परिवहन में गति लाएं। उच्च न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक प्रकरणों पर निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत करें। उन्होंने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि शतप्रतिशत आवेदनों का निराकरण करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निःक्षय भारत अभियान की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने मिशन नेत्र ज्योति की प्रगति, मकरसंक्राति पर्व का आयोजन, केन्द्रीय विद्यालय नैनपुर, उर्वरक भंडारण, मानव अधिकार आयोग के लम्बित प्रकरण, पीएम आवास की प्रगति, भूमि आवंटन के लंबित प्रकरणों, आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा, अंतर्विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

मकर संक्रांति पर्व के दौरान यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 14 एवं 15 /1 /2025 को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। महिष्मति घाट एवं संगम घाट महाराजपुर मे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की आने की संभावना है इस अवसर पर सुरक्षा एवं सुगम यातायात की दृष्टि से पार्किंग एवं डायवर्सन व्यवस्था इस प्रकार रहेगी।

डायवर्सन व्यवस्था

पौड़ी रेलवे क्रॉसिंगः- बम्हनी नैनपुर से जबलपुर, मंडला शहर की ओर आने वाले समस्त वाहन आरटीओ कार्यालय, पुर्वा, प्रथम ढाबा होकर हाईवे से आएंगे जाएंगे।

आंगन तिराहाः- घंसौर रोड से जबलपुर, मंडला शहर आने वाले वाहन आंगन तिराहा से बजरंग चौक, पौड़ी, आरटीओ कार्यालय, पुरवा होकर हाईवे से आएंगे जाएंगे।

कारीकोन तिराहाः- मंडला शहर एवं जबलपुर की ओर जाने वाले समस्त वाहन आंगन तिराहा, बजरंग चौक, पौड़ी, आरटीओ कार्यालय पुरवा होकर जाएंगे ।

नेहरू स्मारक तिराहाः- महाराजपुर की ओर जाने वाले दो पहिया वाहन झूला पुल रास्ते से एवं चार पहिया वाहन चिलमन चौक से पड़ाव आमानाला हाईवे से होकर जाएंगे।

बिंझिया तिराहाः- महाराजपुर की ओर जाने वाले समस्त वाहन बिंझिया तिराहा से चिलमन चौक, पड़ाव रोड, आमानाला हाईवे से होकर जाएंगे ।

योजना भवन तिराहाः- महाराजपुर की ओर जाने वाले वाहन झूला पुल रास्ते से होकर जाएंगे।

पार्किंग व्यवस्था

पुलिस लाइन मैदानः- महिष्मति घाट में आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन पार्क होंगे।

योजना भवन के सामनेः- महिष्मती घाट आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के वाहन पार्क होंगे ।

सर्किट हाउस परिसरः- माहिष्मती घाट आने वाले श्रद्धालुओं के वाहन पार्क होंगे ।

होमगार्ड कार्यालय ग्राउंडः- महिष्मती घाट आने वाले सभी श्रद्धालुओं के फोर व्हीलर वाहन पार्क होंगे ।

रेस्ट हाउस ऐरीकेशन परिसरः- महिष्मती घाट आने वाले श्रद्धालुओं की टू व्हीलर वाहन पार्क होंगे ।

ऑफीसर मैस परिसरः- समस्त दो पहिया वाहन पार्क होंगे ।

कुंभ स्थल मैदानः- महाराजपुर तरफ से महिष्मती घाट आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग होगी । दादा धनीराम आश्रम से आगे बड़े पुल के ऊपर से वाहन प्रतिबंधित रहेंगे ।

संगम घाट हेतु पार्किंग (हेलीपैड मैदान):- संगम घाट आने वाले समस्त श्रद्धालुओं के वाहन संगम तिराहा से प्रवेश कर हेलीपैड मैदान में पार्क होंगे। बजरंग चौक से प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

कृपया समस्त श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों से अनुरोध है कि मकर संक्रांति पर्व के दौरान सुगम यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने का कष्ट करें।

खबर संक्षेप

महिमा के मॉडल का राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में चयन

गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम चिरहकला की शासकीय नवीन माध्यमिक शाला की छात्रा कु महिमा प्रजापति ने जोन स्तर पर आयोजित गणित विज्ञान सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण प्रदर्शनी मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले क़ो गौरवान्वित किया है। इस दौरान उन्होंने मॉडल विधा के तहत कृषि में जैविक खाद्य का मॉडल तैयार कर प्रस्तुत किया जिसको काफी सराहा गया और उसे राज्य स्तर की प्रदर्शनी हेतु चयनित किया गया। यहाँ उल्लेखनीय है कि जिला स्तर पर महिमा के मॉडल क़ो कलेक्टर श्रीमति शीतला पटले ने सराहा था। राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में चयन होने पर विकास खंड अधिकारी प्रतुल इन्दुरख्या एवं बीआरसी संदीप स्थापक, प्रधानपाठक डी एस धानक ने प्रसन्नता जताई है। छात्रा के मॉडल मार्गदर्शन में शिक्षक सचिन लहरिया का विशेष सहयोग रहा।

विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज/चीचली। विकास खंड चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र में बीपीएमयू बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ए के ब्यौहार ने जाति प्रमाण पत्र संबंधित फाइल शीघ्रता से लोक सेवा केंद्र में जमा कराने, अपार आईडी निर्माण कार्य तत्परता से पूर्ण करने, यू डाइस पोर्टल एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए। विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटैल एवं बीएसी अरुण दुबे ने आरएसके पोर्टल पर कक्षा पांचवी आठवीं के विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण करने, गणतंत्र दिवस पर विशेष भोज, जन शिक्षा केंद्र स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक संवाद के आयोजन, एफएलएन मेंटरिंग, शाला मॉनिटरिंग तथा वार्षिक परीक्षा हेतु विशेष निदानात्मक कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए। इस बैठक में प्राचार्य जयमोहन शर्मा, एमआईएस दीपक श्रीवास्तव, लेखापाल खुशबू ब्रिजपुरिया, सत्यम ताम्रकार, अजय नामदेव, संजय सोनी, अनूप पालीवाल, ललित पाराशर, हेमंत पटेल, हरीश गुप्ता, वीरेंद्र रघुवंशी, प्रमोद साहू, हरिओम स्थापक, नरेश मेहरा, कैलाश कहार इत्यादि की उपस्थिति रही।

दुकानों से लेकर वाहनों में भी धड़ल्ले से हो रहा घरेलू गैस का उपयोग, प्रशासन की भूमिका बनी संदिग्ध?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। यह बात अलग है कि इस समय लोगों को गैस आसानी से उपलब्ध होते हुये देखी जा रही है। मगर वही दूसरी ओर घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग प्रतिबंधित हैं। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर में जहां खुलेआम घरेलू गैस को नियम विरूद्ध तरीके से दुकानों पर व्यवसायिक रूप से उपयोग हो रहा है। इस बात की सच्चाई नगर में चल रही अनेक होटलों से लेकर अंडा दुकानों से लेकर जहां तहां आयोजित होने वाले समारोहों में धडल्ले से घरेलू गैस का उपयोग होते हुये देखा जा रहा है। मगर हैरत की बात है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जिस प्रकार से सच्चाई का नजर अंदाज किया जा रहा है वह निश्चित ही चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सबाल खड़े करने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि नियम के अनुसार घरेलू गैस का उपयोग सिर्फ घर के रसोई घरों में ही किया जा सकता है। मगर प्रशासन की अनेदेखी का परिणाम है कि रसोई गैस सिलेण्डरों का उपयोग धडल्ले से जहां दुकानों से लेकर लोगों द्वारा गैस बेल्डिग करने व समारोहो से लेकर अन्य कार्यक्रमों में होने के अलावा सड़क किनारे चलने वाले चाय नास्ता सहित अंडा दुकानों पर तक धडल्ले किया करते हुये देखा जा रहा है। इतना ही नही यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो गैस चलने वाले वाहनों में तक इस प्रकार से गैस किटों में घरेलू गैस सिल्डरों के माध्यम से गैर पलटी करते हुये वाहनों को दौड़ाया जा रहा है? मगर पता नही प्रशासन के अधिकारियों द्वारा इन रसूखदार मालिको के बड़े प्रतिष्ठानो पर कार्यवाही करने की हिम्मत क्यो नही जुटा पा रहे है यह सच्चाई चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है? जबकि घरेलू गैस के दुरूपयोग को रोकना खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी है मगर विभाग द्वारा दिखाई जाने वाली सुस्ती से घरेलू उपभोक्ताओं के हक पर डाका डाल रहे होटल संचालको व अन्य व्यवसायियो के हौसले बुलंद नजर आने से नही चूक पा रहे है। रसोई गैस में दौड़ रहे वाहन- इतना ही नही यदि गौर किया जावे तो क्षेत्र मे सैकड़ो की तादाद में सीएनजी ईधन से चलने वाले वाहन दौड़ रहे है वही दूसरी ओर जिले में कही भी सीएमजी रिफलिंग सेन्टर नही है, जो वाहन चालक अपने वाहन में वास्तव में सीएनजी भराना चाहता है उसे किसी दूसरे बड़े महानगरों के रिफलिंग सेन्टर जाना पड़ेगा, ऐसे में अब प्रश्न यह उठता है कि इन्हे सीएनजी गैस टेंक में डालने कहां से मिलती है जाहिर सी बात है उपभोक्ताओं के हिस्से की टंकी इन्ही वाहनो में रिफिल किये जाने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? जबकि देखा जावे तो इस प्रकार से रसोई गैस से वाहनो को दौड़ाने के चक्कर में आये दिन किसी ने किसी शहर में हादसे होने की खबर आती रहती है मगर इसके बाद भी प्रशासन का रवैया गैर जिम्मेदाराना होना अनेक प्रकार की चर्चाओं को जन्म देते हुये जान पड़ रहा है?

रेत ढोने वाले ओवर लोडिंग वाहनों की मनमानी से घटित हो सकती है बड़ी घटना

हरिभूमि न्यूज/सिहोरा/बोहानी। इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र के नदियों में बैध व अवैध रूप से जो रेत का खनन चल रहा है उसके चलते जहां शासकीय संपदा का दोहन होते हुए तो देखा ही जा रहा है। वही दूसरी ओर क्षेत्र के नदियों का भविष्य भी पूर्णरूप से संकट में नजर आ रहा है? मगर इसके बाद भी क्षेत्र की जनता का चुप रहना चिंता क विषय बना हुआ है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र की सड़कों पर रेत ढोले वाले वाहनों में जिस प्रकार से ओवर लोडिंग करते हुए रेत की ढुलाई की जा रही वह आम लोगों को परेशानी का कारण बनाते हुए किसी दिन बड़ी दुर्घटना को अंजाम देने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? इस संबंध में बताया जाता है कि गाडरवारा करेली मार्ग हो या फिर क्षेत्र के अन्य मार्गो से ढोई जा रही रेत के डम्फरों की स्थिति इस प्रकार से देखने मिलती है कि उनको इस प्रकार से भरा जाता है कि जब वह डम्फर अपनी गति से दौड़ते है तो रेत के उड़ने के कारण आसपास से गुरजने वाले छोटे वाहनों चालकों की आंखों में रेत भरने से उन्हें वाहन चलाना मुश्किल हो जाता है। वही रेत की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई देखी जा रही है कि व सड़कों पर गिरने के कारण वाहन आये दिन फिसलते हुए नजर आते है। मगर इसके बाद न तो पुलिस द्वारा इस प्रकार से लोडिंग रूप से रेत लेकर दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ कोई कदम उठाया जा रहा है कि न परिवहन विभाग द्वारा जिसके चलते सड़को पर रेत गिरने के चलते आये दिन घटनाएं घटित होते हुये दिखाई दे रही है।

सोमवती पूर्णिमा के पावन अवसर पर तेज ठंड भी नहीं रोक पाई माँ रेवा मैया के भक्तों में आस्था का जुनून

नर्मदा तटों पर हजारों की संख्या में कोहरे व ठंड के बीच लगाई डुबकी, दिन भर चलते हुये देखे गये भंडारे सहित अन्य धार्मिक आयोजन

गाडरवारा। सदा ही क्षेत्रवासियों को अपना आर्शीवाद प्रधान करते हुये खुशहाल बनाने वाली माँ नर्मदाजी के भक्तों द्वारा वैसे तो हर पूर्णिमा को आस्था की डुबकी लगाने के लिये लोग माँ नर्मदा तटों पर पहुंचते है। मगर जिस तरह बीते हुये सोमवार यानि की पौष व सोमवती पूर्णिमा के अनोखें संगम के मौके पर माँ नर्मदा भक्तों के बीच आस्था को जुनून देखने मिला है वह निश्चित तौर से अनोखा था। क्योंकि तेज ठंड कोहरे के चलते जहां लोगों का अपने घरों में विस्तर से निकलना मुश्किल हो रहा था। मगर इसके बाद भी हजारों की संख्या में माँ रेवा मैया के भक्त इस तरह देखे जा रहे थे कि यह ठंड भी उनके दिलों में पैदा ही भक्ति की भावना को रोकने में असफल रही और इसके बाद भी माँ नर्मदा के लिये पैदल जाने वाले भक्तों की नगर की सड़को पर रात भर लाईन लगी हुई देखी गई जिसमें बच्चों से लेकर महिला पुरूष व वृद्व तक शामिल थें। माँ नर्मदाजी की आराधना में लीन भक्त जन रात के समय इस तरह पैदल नर्मदाजी के स्नान करने जाने वाले लोगों में सिर्फ पुरूष ही नही बल्कि इस तरह छोटे छोटे छोटे बच्चे भी शामिल थें जो गाडरवारा शहर के साथ यहां से लगभग 20-25 किलो मीटर दूर से पैदल चलकर माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये ककरा घाट जा रहे थें। इस संबंध में ग्राम आंडेगांव निवासी माँ नर्मदा भक्त एक महिला ने चर्चा करते हुये बताया कि वह हर पूर्णिमा को पैदल चलकर नर्मदाजी के स्नान करने के लिये जाती है। इस तरह हम अपने घर से दोपहर दो बजे के लगभग पैदल निकलते है और शाम 7-8 बजे गाडरवारा पहुंच जाते है और रात भर पैदल चलते हुये सुबह 5 बजे माँ नर्मदाजी के ककरा घाट पहुंचकर स्नान करते हुये पूजन अर्चन करते है। हमे कभी भी न तो कोई थकान होती है और न ही कोई परेशानी। इसी प्रकार से ग्राम संहपुर छोटा निवासी एक 14 वार्षिय बालिका का कहना था कि हम अपने माता पिता सहित गांव के अन्य लोगों के साथ माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाते है और इस तरह पूर्णिमा के मौके पर अनेको बार जा चुके है। मगर कभी कोई परेशानी नही हुई है। इसी प्रकार से जब वह सोमवार की शाम तेज ठंड के बीच नर्मदाजी के स्नानों के लिये पैदल जा रही थी तो नगर की पानी टंकी के पास पूर्व पार्षद व समाजसेवी मनोज पटैल द्वारा हर पूर्णिमा पर नर्मदा भक्तों के लिये चाय पिलाने के लिये की जाने वाली व्यवस्था के दौरान चाय पीने के लिये बैठे हुये नर्मदा भक्तों से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि भले ही आज ठंड तेज है। मगर हम माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाने का क्रम नही छोड़ सकते है। जब हम पैदल चलते है तो न ठंड लगती है और न ही कोई परेशानी होती है। क्योंकि इस धरती पर हर व्यक्ति की रक्षा करने वाले माँ नर्मदा ही है जब जिस माँ की पूजन अर्चन करने के लिये हम ला रहे है तो फिर वह माँ अपने बेटों को यदि कोई परेशानी होगी तो खुद ही उसे चंद मिनिटों में हरण करने से नही चूकेगी। इस तरह से ग्राम बारहाबड़ा से पैदल नर्मदा स्नान करने के लिये जा रही एक वृद्व लगभग 65 वार्षिय महिला से चर्चा की गई तो उसका कहना था कि यह पहला अवसर नही है कि जब हम माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जा रहे है। हमारे द्वारा हर साल इस तरह पूर्णिमा के मौके पर तीन चार बार पैदल जाते है। जब उनसे पूछा गया कि अम्माजी इस तरह आज तेज ठंड के बीच आपको परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा.. तो उनका कहना था कि अब परेशानी तो घर बैठे भी आ सकती है। उसी परेशानी को माँ नर्मदाजी हरण करती है तो फिर जब उनके चरणों का आर्शीवाद लेने के लिये जा रहे है परेशानी कहा से आ सकती है। इस तरह बीते हुये रविवार की रात नगर की सड़को पर जहां इस तरह तेज ठंड के बीच हजारों की संख्या में माँ नर्मदा स्नान करने के लिये पैदल जाने वाले भक्तों के जत्थें रात भर निकलते हुये देखे गये तो दूसरी ओर सुबह होते ही क्षेत्र के गांवों में ट्रेक्टर ट्रालियों में सबार होकर भी हजारों लोग माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पहुंचे। इस तरह पौषी व सोमवाती पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर उमड़े हुये हुजूम के चलते मेला जैसा दृश्य दिखाई पड़ने से नही चूक रहा था। इस तरह का हाल क्षेत्र के सिर्फ ककरा घाट का ही नही बल्कि शोकलपुर, झिकोली, थरेरी, कोठिया, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द, भटेरा घाट सहित अन्य घाटों का भी देखने मिला जहां पर हजारों की संख्या में माँ नर्मदा भक्तों ने नर्मदा तटों पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये अनेक जगहों पर भगवान सत्य नारायण जी की कथा संपन्न कराई गई तो अनेक लोगों द्वारा भंडारे के आयोजन भी किये गये। इस तरह हर पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्र के ककरा घाट सहित अन्य घाटों पर माँ नर्मदाजी के स्नान करने के लिये पैदल जाने वाले भक्तों की भीड़ की लाईने लगी रहती है। मगर इन भक्तों को उस दौरान परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है कि भीड़ के बीच से रात रात भर भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी मजी रहती है। पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर क्षेत्र के नर्मदा तटों को पहुंचने वाले मार्गो पर एक रात के लिये इस तरह भारी वाहनो की धमाचौकड़ी पर प्रतिबंध के लिये लगातार भक्तों द्वारा मांग उठाई जाने के बाद भी जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने से नम्रदा भक्तों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि गाडरवारा के आलवा क्षेत्र के ग्राम सूखाखैरी, गोटीटोरिया, सिंहपुर, बारहाबड़ा, महगंवा सहित अन्य गांवों से पैदल जाने वाले नर्मदा भक्तों को देखा जा है कि वह अपनी थकान मिटाने के लिये मुख्य रास्ते पर ही बैठ जाते है और बैठे बैठे बच्चों को नींद आने की स्थिति में वह चंद मिनिटों के लिये रास्तों पर ही सो जाते है। इस स्थिति में पूर्णिमा की पूर्व रात इन भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी किसी दिन इन माँ नर्मदाजी के भक्तों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा करने से नही चूक पायेगी?

मकर संक्रांति पर्व के चलते माँ नर्मदा सहित मेलों में उमडेगा जन सैलाब आज और कल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। आज मंगलवार को शहर एवं क्षेत्र के गांवों में मकर संक्रांति का का पर्व बड़े ही श्रद्वा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा तथा क्षेत्र के नर्मदा तटों पर जहां भक्तों का जन सैलाब आज 14 जनवरी एवं कल 15 जनवरी दोनों दिन उमड़ेगा। क्योंकि इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को होने के चलते लोगों द्वारा दोनों ही दिन मकर संक्रांति मनाई जावेगी। वही दूसरी ओर क्षेत्र के कोठिया नर्मदा घाट, झिकोली घाट सहित अन्य नर्मदा घाटों के आलवा नगर की शक्कर व सीतारेवा नदी के संगम में भरने वाले मेलों में भी जन सैलाब उमडने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। मकर संक्रांति को लेकर नगर के ज्योतिषो के अनुसार इस वर्ष मकर संक्रांति का शुभ महत्व आज मंगलवार 14 जनवरी को पूरे दिन भर विशेष रहेगा, जिसके चलते इस दिन दान पुण्य का अधिक महत्व होगा इस तरह आज जहां 14 जनवरी जहां परम्परागत मकर संक्रांति रहेगी। वही लोगों द्वारा मकर संक्रांति का पर्व मनाया जावेगा। वही दूसरी ओर हिन्दू धर्मावलंबियों का यह सौभाग्य है कि इस बार सर्वार्थ सिद्वि योग में आ रही मकर संक्रांति अत्यंत शुभ पारिजात योग भी बन रहा है। इसलिए श्रद्वालुओं को चाहिये वे माँ नर्मदा जी में स्नान करने के साथ साथ भगवान की आराधना, वंदना करते हुये तिल, लड्डू व खिचड़ी के आलवा वस्त्रों का दान कर धर्म लाभ प्राप्त करे। क्योंकि इस प्रकार से शुभ संकेतों के साथ बड़े ही अंतराल के बाद संक्रांति आ रही है। इस तरह नर्मदा तटों पर उमड़ने वाली भीड़ को लेकर शायद प्रशासन की तैयारियों नकाबिल नजर आने से नही चूक पा रही है? जबकि गौर करने वाली बात तो यह है कि गाडरवारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लिंगा खुर्द नर्मदा घाट पर बीते हुये लगभग तीन वर्षो से लगातार घटनायें घटित होते देखने मिल रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुये क्षेत्रवासियों द्वारा नर्मदाजी के लिंगा खुर्द घाट पर शासन प्रशासन से विशेष नगर रखने क अपेक्षा जताई गई है?

नाबांलिग किशोरी को गायब हुये एक सप्ताह से अधिक समय निकल जाने के बाद भी पुलिस खोजने में असफल, पीड़ित पिता को मिल रही धमकी

चीचली। जहां एक ओर सरकार द्वारा महिलाओं से लेकर किशोरियों के साथ घटित होने वाली घटनाओं पर पुलिस को सख्ती से कार्यवाही करने के आदेश जारी किये गये है। मगर क्षेत्र में देखने मिल रहा है कि इस तरह की घटनाओं को लेकर पुलिस कार्यवाही करने के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति करने के बाद पीड़ित को थाने के चक्कर लगाने के लिये मजबूर करने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम इकलौनी गांव में देखने मिल रही है। घटना को लेकर बताया जाता है कि यहां पर निवास करने एक गरीब पीड़ित पिता द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसकी नाबांलिग बेटी बीते हुये तीन जनवरी से गायब है। वही दूसरी ओर गायब हुई किशोरी के पिता द्वारा एक व्यक्ति पर उसे जबरन भगाकर ले जाने का संदेह भी व्यक्त करते हुये पुलिस को नाम उजागर किया गया था। मगर इसके बाद पुलिस द्वारा पीड़ित पिता की शिकायत पर नाबांलिग किशोरी के गायब होने की घटना को लेकर औपचारिकता पूर्ण करते हुये मामला तो दर्ज कर लिया गया है। मगर उसकी खोज करने में बरती जा रही उदासीनता का परिणाम है कि घटना को आज एक सप्ताह से भी अधिक का समय बीते जाने के बाद जहां चीचली पुलिस किशोरी को खोजने में असफल देखी जा रही है। वही दूसरी ओर किशोरी के परेशान पिता का आरोप है कि उसकी बेटी को भगाकर ले जाने वालों द्वारा जहां उसे खुलआम धमकी देते हुये कहा जा रहा है कि यदि इस मामले को लेकर शिकायत की गई तो ठीक नही होगा..? इस सच्चाई से पीड़ित द्वारा चीचली पुलिस को अवगत कराये जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही करने की जगह पुलिस द्वारा पीड़ित से कहा जा रहा है कि तुम्हारी मोड़ी का तुम ही पता लगा लोग या फिर हमे साधन उपलब्ध करा दो तो हम उसे खोजने निकल जावे..? इस तरह एक पीड़ित पिता अपनी नाबांलिग बेटी की खोज में जहां पुलिस थाने का चक्कर लगाते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर थाने में पदस्थ एक ताराधारी अधिकारी द्वारा जिसके लिये इस मामले की जांच का जिम्मा सौपा गया है उसके द्वारा बरती जा रही उदासीनता के चलते पीड़ित पिता दर दर भकते हुये देखा जा रहा है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या चीचली पुलिस मासूम के साथ किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है इसके बाद भी कार्यवाही की गति को आगे बड़ायेगी..? इस तरह चीचली पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को नजर अंदाज अपनाये जा रहे रवैया के चलते प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के साथ घटित होने वाली घटनाओं पर अपनाये जाने वाले सख्त रवैया पर चीचली पुलिस के चलते ग्रहण लगने से नही चूक रहा है..?

बिजली की ऑख मिचौली से शहर से लेकर ग्रामीणजन हो रहे परेशान, अधिकारी नही दे रहे है ध्यान

कल्याणपुर। इस समय देखा जा रहा है कि जहां बिजली विभाग द्वारा शहर से लेकर ग्रामवासियों को मन माफिख बिल देते हुए महगांई के दौर में उनकी घरों के बजट को बिगाड़ते हुये उत्सह को तो फीका कर दिया गया है। मगर वही दूसरी ओर जिस प्रकार से बिजली कटौती की जा रही है उसके चलते लोगों को मुश्किल में डाल दिया गया है। बताया जाता है कि इस समय शहर से लेकर गॉवो में जिस प्रकार से बिजली की ऑख मिचौली चल रही है, उसके चलते लोग परेशान हो रहे है तो वही दूसरी ओर बच्चें अपनी पढ़ाई नही कर पा रहे है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो उनके द्वारा कह दिया जाता है कि अचानक बिजली लाईन में खराबी आ जाने के कारण बंद हुई है सुधार कार्य चल रहा है। जबकि गौर किया जावे तो पूर्व बिजली विभाग द्वारा सुधार के नाम पर संपूर्ण नगर की बिजली बंद रखी गई थी, और कहा गया था कि अब जरूरत के दौरान लोगों को बिजली की परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि क्षेत्र में प्रतिदिन दिन रात में अनेकों को बार बिजली अचानक बंद हो रही है, जिससे बिजली विभाग द्वारा पूर्व के समय में किये गये सुधार कार्य को लेकर जहां अनेक सबाल खड़े हो रहे है। वही दूसरी ओर यह सबाल भी उठ रहा है कि आखिर में किस प्रकार से सुधार हुआ था जिसके चलते अब बारिश के समय में लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो जरा सा पानी गिरते ही बिजली बंद हो रही है। अब सबाल यही पैदा हो रहा है कि क्या बिजली सुधार कार्य के नाम पर सिर्फ औपचारिकता ही निभाई गई थी या फिर शासन के पैसा की होली खेली गई थी? इस प्रकार से बिजली की आंख मिचोली के चलते सर्वधिक परेशानी नगर के उन रिहाईशी इलाकों के निवासियों को हो रही है, जहां पानी की सप्लाई नलकूपों के माध्यम सें की जाती है। इन इलाको में बार बार बिजली बंद होने से पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस प्रकार से लगातार हो रही बिजली की अघोषित कटौती को लेकर नागरिको का कहना है कि शाम ढलने के साथ ही बिजली की ऑख मिचौली शुरू हो जाती है जो लगभग सारी रात व दिन में भी जारी रहती है?

कई एकड़ जमीन और नलकूप सहित पक्के घर में होने के बाद भी गरीबों की सूची में नाम जुडबाकर, गरीबों के हक पर किया जा रहा है अतिक्रमण

कल्याणपुर। शासन की योजनाओं में मनमानी करना शायद अधिकारियो का आदत में बनता जा रहा है और इसी का परिणाम है कि सरकार द्वारा गरीबों का उद्वार करने के उद्वेश्य से चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी गरीबों की स्थिति जहां की तहां है ओर आपत्र जरूर धनवान बनने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस बात की सच्चाई नगर सहित जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में देखने मिल सकती है जहां पर बताया जाता है कि जिस तरह से गरीबी रेखा व अति गरीबी रेखा सूची में लापरवाही की गई है, उससे पात्र लोगों के नाम तो नही जुड़े नही है, किन्तु अपात्रों के नाम अवश्य जोड़ दिये गये है? जिसके चलते शासन की योजनाओं के चलते गरीबों को मिलने वाले हक का उपयोग अपात्र लोग आसानी से उठाते हुए देखे जा रहे है? वही दूसरी ओर वास्तविक पात्र हितग्राही रोजी रोटी की तलाश में भटकने के लिए मजबूर हो रहे है? यदि इस क्षेत्र की गरीबी व अतिगरीबी रेखा सूची पर गौर किया जावे तो अनेक गांवों में इस प्रकार के लोग मिल सकते है जिनके कई एकड़ खेतों में बने हुए नककूप्पों में मोटरे चल रही है और वह गरीबी रेखा की योजनाओं के हकदार बनते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाइनों में सबसे पहले दिखाई देते है? यदि इमानदारी के साथ इस क्षेत्र की गरीबी रेखा सूची का ईमानदारी के साथ निरीक्षण किया जावे तो अनेक पंचायतों में इस प्रकार के गरीब मिल सकते है जो कई एकड़ जमीन के कास्तकारो होने के साथ साथ जिनकी पक्की बिल्डिग बनी हुई वही गर्मी के दिनों में बिल्ड़गों से कूलरों की डंडी हवाये निकल नही चूकती है। उन लोगों को इस सूची में शामिल करना अधिकारियों की लापरवाही या फिर प्रभावशालियों के दबाव का नतीजा ही माना जा सकता है..? जिसके चलते अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा शासन के आदेशों को दर किनार करते हुए गरीबों की योजनाओं के हकदार साधन संपन्नों को बना दिया गया है? जबकि गौर किया जावे तो क्षेत्र में अनेक भूमिहीन गरीब इस प्रकार से घूमते हुए देखे जा सकता है जो शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जहां अधिकारियों के चक्कर काटने के लिए मजबूर देखे जा रहे है? जिस प्रकार की कार्य प्रणाली के चलते शासन की योजनाओं में पलीता लगाया जाना आम हो चुका है, जो गरीबों का हक अमीरों के लिए वरदान बना हुआ है? क्षेत्र वासियों का कहना है कि एक ओर जहां सरकार तो खुलीमंचों से गरीबों को लाभ देने की बात कह रही है मगर उन गरीबों को उनकी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र बनने ही नही दिया जा रहा है, यदि यहां की सूचियों की जांच की जावे तो गरीबों रेखा में ऐसे लोग पाये जा सकते है जिनके खेतों की सिंचाई करने के लिए कई नलकूपों से पानी निकाल रह है और वह गरीबी रेखा के माध्यम से सरकार द्वारा गरीबो के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर अतिक्रमण किये बैठे हुए है।

शक्कर नदी पुल पर जाम के चलते परेशान होते हुये देखे गये नर्मदा स्नान के लिये आने वाले लोग

हरिभूमि, गाडरवारा।

इस समय जहां लोग अपने घरों में मकर संक्रांति मनाने की तैयारियों में जुटे हुये है। मगर शासकीय कार्यालयों द्वारा किये जाने वाले कार्य निश्चित तौर से लोगों की उमंग पर ग्रहण लगाने से नही चूक रहे है। क्योंकि बीते हुये दिनों जिस तरह बिजली विभाग द्वारा शनि मंदिर फीडर की लाईन के सुधार कार्य के नाम पर दिन के समय बिजली कटौती की गई थी उसके चलते मकर संक्रांति की तैयारी को लेकर महिलाओं द्वारा अपने घरों में बनाये जाने वाले लड्डू की तैयारियों में व्यवधान पैदा होने से नही चूक पाया था। क्योंकि देखा जाता है कि लोगों के घरों में बनाये जाने वाली लड्डूयों को लेकर महिलाओं द्वारा लड्डू तैयार करने वाली सामग्री व चना दाल दो तीन दिन चक्की से पिसाई जाती है। मगर बिजली विभाग द्वारा विद्युत लाईन के सुधार के नाम पर बिजली कटौती किये जाने के कारण महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करते हुये देखा गया। वही दूसरी ओर सोमवार को पौष व सोमवती पूर्णिमा होने के चलते हजारों की संख्या में लोग अपने वाहनों से नर्मदा स्नान करने के लिये गये हुये थें मगर शक्कर नदी पुल के समीप सड़क पर बगैर पूर्व सूचना के कोई कार्य शुरू किये जाने के चलते पुल के पास लम्बा जाम लगा रहने के चलते जहां नर्मदा स्नान करने के लिये आने जाने वाले लोग परेशान होते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर मकर संक्रांति के चलते ग्रामीण क्षेत्रों से लोग गाडरवारा बाजार जरूरी सामग्री खरीदने के लिये आने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करते हुये मजबूर होना पड़ा। इस तरह शासकीय कार्यालयों द्वारा इस तरह जरूरी कार्य सिर्फ त्योहारों के दौरान ही शुरू क्यों किये जाते है जिसके चलते लोगों के उत्साह में ग्रहण लगने से नही चूक पाता है।

कंपनी द्वारा दिये गये मोटर पंप को बिजली विभाग द्वारा गलत साबित करते हुये की जा रही कार्यवाही से परेशान अन्नदाता

सालीचौका। इस समय जहां क्षेत्र का किसान प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। वही दूसरी ओर बिजली विभाग द्वारा पांच हार्स पावर मोटर पंप के नाम पर सात हार्स पावर का बिल देते हुए किसानों को जिस प्रकार से परेशान किया जा रहा है आखिर में इसमें किसान की गलती कहा से हो रही है जिसके कारण उसे बिजली विभाग द्वारा इस प्रकार का दंड दिया जा रहा है? क्योंकि बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा बिजली मापने वाली मशीन से किसानों के कुंआ व नलकूपों पर पहुंचकर नलकूपों में डली हुई मोटर को अपने यंत्र के माध्यम से जांचते हुए उसे अधिक भार का बिल पहुंचाया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के कुछ किसानों द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि उनके नल कूप में पांच हार्स पावर की मोटर डली हुई जिसको उन्होंने जिस कंपनी से खरीदा गया है उसका वह बिल भी रखे हुए है मगर इसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा उसे अधिक वोल्ट की बताते हुए बिल भेजा जाता रहा है? आखिर में जब किसान द्वारा किसी दुकान से कोई मोटर पंप खरीदा जाता है और उसका बिल लेता है जिसमें भी उसका बिद्युत खपत करने की मात्रा स्पष्ट लिखी होती है इसके बाद बिजली विभाग द्वारा जांच करने के बाद उसमें अधिक बिजली खपत करने की मात्रा पाई जाती है तो आखिर में इसमें किसान कैसे दोषी हुआ? क्योंकि अब किसान ज्यादा पढ़ा लिखा तो होता नही है जितनी मात्रा की कंपनी उसे बनाकर देती है उतनी मात्रा का मोटर वह अपने नलकूपों में डालकर उपयोग करता रहता है और बिजली विभाग द्वारा उसे दोषी मनाते हुए अधिक बिजली बिल भेजा जाता है? अब अधिक बिजली यदि किसी किसान का मोटर पंप खा रहा है तो उसमें कंपनी दोषी हुई जिसने मोटर पंप पर गलत लेबिल लगाते हुए उसे बेचा गया है? वही दूसरी ओर गौर करने वाली बात तो यह भी है कि किस प्रकार से नलकूप में डली हुई मोटर को किसान नही बनता है जो वह गलत नही हो सकती है? और इसी प्रकार से किसानों की मोटर पंपों की जांच करने वाले यंत्रों को भी बिजली विभाग के अधिकारी नही बनाते है जो वह हर समय सही रिपोर्ट देते रहे? जिस प्रकार से विश्वास के साथ किसान मोटर खरीदकर अपने नलकूप में डालता है इसी प्रकार से बिजली विभाग के अधिकारी भी बिजली की खपत जांच करने वाले यंत्र को विश्वास के साथ जांच करते है, अब यदि कंपनी द्वारा दी गई किसान की मोटर नियत मात्रा से अधिक बिजली खा सकती है तो बिजली विभाग का वह जांच करने वाला यंत्र भी खराब हो सकता है? क्योंकि दोनों ही चीजे कंपनी द्वारा बनाई गई है, इसमें सिर्फ दोषी किसान ही क्यों माना जाता है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो यदि कोई व्यक्ति कोई दुकान से समान खरीदता है ओर यदि व समान खराब निकलता है तो दुकानदार को दोषी मानते हुए उसके खिलाफ कार्यवाही की जाती है, इसी प्रकार से किसान भी दुकान से मोटर पंप पांच हार्स पावर के नाम पर खरीदता है और यदि वह अधिक हार्सपावर की बिजली खाने लगता है तो अधिकारी उस दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही करने की जगह किसान को अधिक बिल क्यों देते है? अब इसमें किसान दोषी हुआ की मोटर पंप बनाने वाली कंपनी जिसकी सजा किसान भोगते हुए

खबर संक्षेप

वन विभाग एवं इको टूरिज्म बोर्ड की संयुक्त पहल से अनुभूति कार्यक्रम का किया गया आयोजन

डिंडोरी। 12 जनवरी रविवार को वन मंडल डिंडोरी के तहत परिक्षेत्र शाहपुर के बीट शाहपुर में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उक्त कार्यक्रम मध्यप्रदेश वन विभाग एवं इको टूरिज्म बोर्ड की संयुक्त पहल है जो कि युवा पीढी को वन जीवन के प्रति जागरूक करता है। कार्यक्रम में पीएम श्री विद्यालय विक्रमपुर से 75 छात्र- छात्राएं एवम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अझवार से 51 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया कार्यक्रम में बच्चों को नेचर ट्रेल, बर्ड वॉचिंग जैसी गतिविधियों के साथ पर्यावरण, वन एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण व संवर्धन,तथा वन विभाग के पद अनुक्रमणिका वा उनके दायित्वों की जानकारी दी गई और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डिंडौरी रामकिशोरी ठाकुर, जनपद सदस्य कीर्ति गुप्ता , अंकित गुप्ता, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुशील राय, कृष्णा परमार, पीएम श्री विद्यालय विक्रमपुर, एवम अझवार की शिक्षक और वन परिक्षेत्र शाहपुर का स्टॉफ मौजूद रहे।

विकासखंड शहपुरा के केहेंजरा में गौशालाओं का किया निरीक्षण

डिंडोरी। कलेक्टर हर्ष सिंह एवं एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा के निर्देशन में आज सोमवार को विकासखंड शहपुरा के तहत ग्राम केहेजरा के गौशाला का निरीक्षण उपसंचालक पशुपालन विभाग एचपी शुक्ला द्वारा किया गया। एचपी शुक्ला ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 16 गौवंश स्वस्थ अवस्था में एवं 02 गौवंश अस्वस्थ्य पाए गए। अस्वस्थ्य गौवंश का समुचित उपचार कराया गया, गौशाला की साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ कराया गया। वर्तमान में लगभग 2 ट्रॉली धान पैरा भंडारित है एवं 3 ट्रॉली पैरा और भंडारण करने के लिए निर्देशित किया गया है। निरीक्षण में पाया गया कि पानी की स्थाई व्यवस्था नहीं है, अस्थाई व्यवस्था बांध के नहर से की जा रही है। गौशाला संचालन के समुचित व्यवस्था हेतु सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया गया है।<

सचिन मरावी के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत युवा क्रिकेट क्लब ने तीसरे चक्र में किया प्रवेश

अमरपुर। जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत के ग्राम पंचायत नांदा में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत सोमवार को बंजर टोला एवं युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर के मध्य दूसरे चक्र का मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए युवा क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 10 ओवरों पर सचिन मरावी के शानदार 51 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली वहीं पर जयदीप के 24 रन एवं हेमंत के 10 रनों के बदौलत 96 रन बनाकर 97 रनों का लक्ष्य बंजर टोला के सामने जीत के लिए रखा। बंजर टोला टीम की ओर जीतेन्द्र एवं प्रद्युम्न ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2, 2 विकेट अपने नाम किए। 97 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंजर टोला की शुरुआत काफी खराब रही और उनके प्रमुख 5 बल्लेबाज 20 रन के अंदर ही पवेलियन लौट गए। उसके बाद भी निरंतर विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा और बंजर टोला की पूरी टीम निर्धारित 10 ओवरों में 60 रन ही बना सकी। बंजर टोला टीम के बल्लेबाज जीतेन्द्र ने 20 रन, निरंजन ने 11 रन व प्रद्युम्न ने 10 रन बनाए। युवा क्रिकेट क्लब की तरफ से घातक गेंदबाजी करते हुए मिलाप ने शानदार 4 विकेट एवं सचिन मरावी ने 3 विकेट हासिल किए।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास और आस्था के साथ मनाया जाएगा पर्व

मकर संक्रांति पर्व पर श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी



डिंडौरी।

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिले भर में मकर संक्रांति का पर्व आज हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा, मकर संक्रांति पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है। मकर संक्रांति पर्व के दिन पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हुए श्रद्धालु गण सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा करेंगे,इस दिन

विशेष रूप से स्नान, दान और पूजा का महत्व है।

स्नान और दान का शुभ मुहूर्त- 2025 में स्नान का ब्रह्म मुहूर्तः सुबह 5:27 बजे से 6:21 बजे तक माना गया है यह समय पूजा-पाठ और ध्यान के लिए उत्तम है।

दान का पुण्य कालः सुबह 9:03 बजे से शाम 5:46 बजे तक। इस अवधि में दान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।

महापुण्य कालः सुबह 9:03 बजे से 10:48 बजे तक। यह समय दान और पुण्य कार्यों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

डिंडौरी में मकर संक्रांति की तैयारियाँ जोरों पर हैं। स्थानीय मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, खिचड़ी दान और पतंगबाजी की गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। स्थानीय प्रशासन और समाजसेवी संगठनों ने इस पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई है।इस अवसर पर तिल, गुड़, खिचड़ी, कंबल और गर्म कपड़े दान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। दान के लिए महापुण्य काल का समय विशेष रूप से उपयुक्त है।मकर संक्रांति का पर्व समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक है। प्रचलित मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव की पूजा, तिल-गुड़ का सेवन और खिचड़ी दान करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

जगह जगह लगेंगे मड़ई मेला

मकर संक्रांति पर्व पर पतित पावनी नर्मदा जी के विभिन्न घाटों सहित खरमेर, बुढ़नेर नदी, सहित धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुगण शुभ मुहूर्त में डुबकी लगाते हुए सूर्य देव को तिल और जल से अर्घ्य देंगें, तमाम प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों में परंपरानुसार मड़ई मेला आयोजित किए जाएंगे।

8- 9 फरवरी को होगा विशाल शक्ति चेतना जन जागरण शिविर

परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज का होगा आगमन, डिंडोरी को नशामुक्त बनाना संगठन का लक्ष्य

डिंडौरी - भगवती मानव कल्याण संगठन और पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के तत्वावधान में धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज श्री शक्ति पुत्र जी महराज एवं माता भगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा के आशीर्वाद और प्रतिफल स्वरूप हर माह की भांति डिंडोरी जिले की मासिक महाआरती का आयोजन सारस भवन डिंडोरी में किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में डिंडोरी और अनुपपुर जिले के गुरूभाई बहिन और मां गुरुवर के शिष्य तथा माता जगत जननी जगदम्बा के भक्त उपस्थित हुए। भगवती मानव

कल्याण संगठन के जिला अध्यक्ष राधेश्याम राठौर ने बताया कि डिंडोरी जिले में विशाल शक्ति चेतना जन जागरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। डिंडोरी जिले का यह शिविर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पूरे भारत देश से भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता के अलावा नेपाल और अन्य देश से भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता सम्मिलित होगा।

डिंडोरी को नशामुक्त बनाना लक्ष्य - भगवती मानव कल्याण संगठन डिंडोरी के जिला अध्यक्ष राधेश्याम राठौर ने चिंतन में बताया कि 8-9 फरवरी 2025 दिन शनिवार रविवार को शक्ति चेतना जन जागरण शिविर के माध्यम से डिंडोरी जिले के हर घर को नशामुक्त कराना हमारा लक्ष्य होगा जिससे समाज की सबसे व्याप्त बुराई को खत्म किया जा सके। लगातार भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता डोर टू डोर केंपैन करके लोगों को शक्ति चेतना जन जागरण शिविर का आमंत्रण घर घर पहुंचाएंगे जिससे समाज की व्यापक बुराई को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। महत्वपूर्ण यह शिविर का आयोजन इसलिए भी है कि गुरूवरश्री का आगमन सिर्फ और सिर्फ समाज को चेतनायुक्त वातावरण का निर्माण किया जाए जिससे डिंडोरी का शिविर एक ऐतिहासिक शिविर बन सके। भगवती मानव कल्याण संगठन की महत्वपूर्ण बैठक - शिविर आयोजन के करीब आते ही भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता लगातार समाज के बीच ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं।

जिले में बढ़ रही बेसहारा मानसिक विक्षिप्तों की संख्या, शासन प्रशासन बेपरवाह

मानसिक विक्षिप्तों को लेकर शासन प्रशासन उदासीन

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से मानसिक विक्षिप्त बेसहारा घूम रहे हैं, जिसको लेकर शासन प्रशासन का उदासीन रवैया के चलते मानसिक विक्षिप्तों का जीवन भटकने में ही गुजर रही है। जिला मुख्यालय डिंडौरी में ही देखा जाए तो आधा दर्जन से अधिक विक्षिप्त भटकते हुए नजर आते हैं, इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस तरह के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। वहीं मनोरोगियों को लेकर तरह तरह की भ्रांतियां समाज में व्याप्त हैं, मरीजों के परिजन मानसिक विक्षिप्तों की ईलाज कराने की बजाय गुनिया पंडा/ ओझा से झाड़ फूंक करते हुए ठीक कराने का प्रयत्न करते हैं लेकिन सकारात्मक परिणाम न मिलने के चलते रोगियों को बेसहारा छोड़ देते हैं।

एक तरफ सरकार प्रत्येक जन्म से लेकर मृत्यु तक में सहायता राशि मुहैया कराने के लिए अनेकों योजना संचालित कर रही हैं वहीं दूसरी और मानसिक विक्षिप्त जीते जी जिंदा लाश बनकर भटक रहे हैं। शासन प्रशासन को मानसिक रोग को नियंत्रित करने हेतु नीतिगत कार्ययोजना बनाकर फैसला लागू करना चाहिए, जिससे मानसिक विक्षिप्तों को समाज में सम्मान और स्वाभिमान के साथ जीवन जीने का असवर मिल सके।

मानसिक विक्षिप्तों का उपचार संभव हैं

मानसिक विक्षिप्तता एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या है, जिसे अक्सर समाज में नजरअंदाज किया जाता है। मानसिक विक्षिप्तता से प्रभावित लोग न केवल मानसिक तनाव और पीड़ा से जूझते हैं, बल्कि उन्हें समाज में उपेक्षाओं का भी सामना करना पड़ता है। इस गंभीर समस्या के प्रति सरकारी उदासीनता चिंताजनक है, क्योंकि इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की कमी और मानसिक विक्षिप्तता से ग्रस्त लोगों के लिए पर्याप्त संसाधनों का अभाव एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सरकारी योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव अक्सर मानसिक रोगियों के इलाज में रुकावट डालता है। इसके परिणामस्वरूप, बहुत से मानसिक रोगी सही उपचार न मिलने के कारण और अधिक गंभीर मानसिक समस्याओं का शिकार हो जाते हैं।इसके अलावा, मानसिक विक्षिप्तता को लेकर समाज में भ्रांतियाँ और गलत धारणाएँ भी प्रचलित हैं, जिससे इन व्यक्तियों को और अधिक अलग-थलग किया जाता है। इस स्थिति को सुधारने के लिए सरकार को मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और प्रभावी नीतियाँ बनानी चाहिए। इसके तहत मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाना, मानसिक विक्षिप्तता के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना और मानसिक रोगियों के लिए उचित इलाज की व्यवस्था करना आवश्यक है।

समाज को भी यह समझने की आवश्यकता है कि मानसिक विक्षिप्तता एक बीमारी है और इसके इलाज के लिए मानसिक रोगियों को सहायक वातावरण की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाती है तो मानसिक

विक्षिप्तता से प्रभावित व्यक्तियों का जीवन बदल सकता है और उन्हें समाज में सम्मान और स्वीकार्यता मिल सकती है।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई समय सीमा की बैठक

डिंडोरी।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम सुश्री भारती मरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर हर्ष सिंह ने शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चल रहे विभागीय अभियानों की समीक्षा की। उन्होंने 100 दिवस निक्षय अभियान की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि क्षय रोग उन्मूलन के लिए जिले में लगातार निक्षय अभियान के तहत स्क्रीनिंग की जा रही है। प्राप्त लक्ष्य का 35 प्रतिशत प्राप्त कर 66207 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। कलेक्टर श्री सिंह ने निक्षय अभियान के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि अगले सप्ताह तक लक्ष्य में न्यूनतम 42 प्रतिशत तक स्क्रीनिंग कराना सुनिश्चित कराएं।

राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा

राजस्व महाअभियान 3.0 के संबंध में राजस्व मामलों की समीक्षा कर लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण, नक्शा तरमीम, पीएम किसान, आधार लिंकिंग, परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन का कार्य की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान की समीक्षा

मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे जन शिविर के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जन शिविर के तहत आए आवेदनों की स्थिति का आकलन सीएम हेल्पलाइन पोर्टल से किया। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं के लक्ष्य पूरे नहीं हुए हैं, उन्हें चिन्हित कर पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि जन कल्याण शिविर में आ रहे आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करें। उन्होंने सभी विभागों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर आवेदनों को दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अभियान के दौरान हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ देने के लिए घर-घर जाकर सर्वे कर आवेदन स्वीकार करें, जिसकी समीक्षा लगातार की जाएगी।

धान उपार्जन की समीक्षा

कलेक्टर ने जिले में हो रहे धान उपार्जन के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में सर्वेयर, बारदाना, पेयजल, मापतौल कांटा सहित अन्य अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि खरीदी, भण्डारण और परिवहन का कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि सभी 33 केन्द्रों में उपार्जन कार्य किया जा रहा है। 16718 किसानों से 58802.75 मीट्रिक टन धान उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जन का भुगतान लगातार किया जा रहा है। उपार्जित धान का 85.78 प्रतिशत परिवहन किया जा चुका है। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि उपार्जन के दौरान अधिकारीगण निरीक्षण करें, उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के अनुरूप व्यवस्थाओं को उपार्जन केन्द्र में सुनिश्चित कराएं।वेयर हाउस में भण्डारित किए जा रहे अनाज के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वेयर हाउस का निरीक्षण सतत रूप से करवाएं एवं भंडारित किए अनाज का परीक्षण करें। उन्होंने वेयर हाउस में रखे पुराने अनाज के संबंध में जानकारी ली और कहा कि अनाज खराब होने पर संबंधित जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर हर्ष सिंह ने 70 वर्ष से अधिक आयु एवं जनमन के आयुष्मान कार्ड के संबंध में प्रगति लाने के लिए सीएमएचओ को प्रतिदिन प्रत्येक ब्लॉक में निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जनमन आयुष्मान कार्ड के संबंध में जनजातीय कार्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर हर्ष सिंह ने समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपने विकासखंडों में ऐसे स्थलों का चिन्हांकन करें जहां नर्मदा परिक्रमावासी विश्राम करते हैं। चिन्हित स्थलों के आधार पर परिक्रमावासियों के लिए एक रूटचार्ट तैयार करें। एवं परिक्रमावासियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

कलेक्टर ने तेंदुपत्ता प्रसंस्करण, कठौतिया अस्पताल, साइकिल वितरण, आदर्श ग्राम चाडा, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, स्पोटर्स कॉम्पलेक्स, नगर परिषद में चैपाटी निर्माण सहित अन्य कार्य के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर हर्ष सिंह ने विभागों के समन्वित मुद्दों पर विभागों से जानकारी ली। जिसमें ग्राम मोहतरा में नवीन पंचायत भवन, (अटल सुशासन भवन) के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि नवीन पंचायत भवन पूर्व निर्धारित स्थान पर ही बनेगा। उन्होंने विभागों को निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस के आयोजन के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों जैसे - सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन, मध्यान्ह भोजन, पुरूस्कार वितरण आदि मुद्दों पर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सौंपे गए दायित्वों को समन्वय के साथ सम्पादित करें।

बैठक में पीएम जनमन के तहत संबंधित विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए पीएम जनमन आवास, विद्युत आपूर्ति, पीएम स्वनिधि, आंगनबाड़ी, आयुष्मान भारत कार्ड, नलजल, आदि की जानकारी ली। उन्होंने पीएम जनमन आवास के तहत गत सप्ताह की प्रगति व द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि व नवीन स्वीकृतियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर लक्ष्य पूरा करें। कलेक्टर हर्ष सिंह ने स्व-रोजगार एवं रोजगार के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उर्वरक की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। कलेक्टर हर्ष सिंह ने पशुपालन और मत्स्य विभाग के किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने सीएम हेल्पलाईन और समय-सीमा प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

जनकल्याण अभियान के तहत जनपद पंचायत डिंडौरी की ग्राम पंचायतों में हुआ जनशिविरों का आयोजन

डिंडोरी। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जनशिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सोमवार को डिंडौरी जनपद पंचायत के तहत ग्राम पंचायत खम्हरिया माल, कसईसोढा, घुसिया, विक्रमपुर, दर्री मोहगांव एवं जनपद पंचायत करंजिया के तहत ग्राम पंचायत चैरादादर, चकमी, खारीडीह, गोपालपुर, ठाडपथरा एवं पडरीपानी में शिविरों का आयोजन किया गया। जनशिविरों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर प्रशासन गांव की ओर की अवधारणा को सार्थक कर रहे हैं। डिंडौरी क्लस्टर में आज आयोजित जनशिविर शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आथित्य में संपन्न हुए। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे कन्यापूजन कर जनशिविरों का शुभारम्भ किया, उन्होंने ग्राम पंचायत खम्हरिया माल में 15वाँ वित्त के तहत पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। विधायक धुर्वे ने आयोजित शिविरों में भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यों के साथ विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। इस दौरान विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने सम्बोधन में कहा कि 11 दिसम्बर से प्रारम्भ हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान को सार्थक करते हुए, शासन और प्रशासन मिलकर प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगातार जनशिविर के माध्यम से जनसमुदाय की समस्याओं को सुन रहे है। अभियान के तहत सामुदायिक आवश्यकताओं और व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं को जनशिविरों में ग्रामीणों के आवेदन स्वीकार कर सम्बंधित विभागों के माध्यम निराकरण कर रहे है। विधायक धुर्वे ने कहा कि ग्राम विकास के लिए आवश्यक सीसी रोड, तालाब गहरीकरण, घाट निर्माण, पुलिया निर्माण आदि कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जा रहा है, निर्माण कार्यों के द्वारा ग्राम का विकास निरंतर हो रहा है। विधायक धुर्वे ने ग्रामीणों से वृद्ध पेंशन, राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना, सम्बल सहित आदि योजनाओं के बारे में मिल रहे हितलाभ की जानकारी ली, उन्होंने कहा कि अभियान के तहत ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, पेसा मोबीलाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सभी प्रत्येक घर में जाकर सर्वे कर शासन की योजनाओं से वंचित सभी पात्रों को चिन्हित कर लाभ दिया जा रहा है। अभियान के तहत पेंशन योजना, राशन कार्ड, सम्बल कार्ड, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों के आवेदन स्वीकार कर दूरस्थ ग्रामों तक शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाएगा। विधायक श्री धुर्वे ने इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के बारे जानकारी देते हुए,ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों की समीक्षा सतत रूप से की जायगी,जिससे कोई भी पात्र वंचित ना रहे। आयोजित जनशिविरों में जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी मिलकर आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर रहे है, जोकि शासन आपके द्वार की संकल्पना को साकार कर रह है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत प्रशासन गाँव की ओर की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से जिले में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जनपद सदस्य कीर्ति गुप्ता, राकेश परस्ते सहित अन्य जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। अभियान के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों सहित नगर परिषद क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभियान के तहत 392 शिविर आयोजित होने है, जोकि प्रतिदिन जनप्रतिनिधि और अधिकारीगणों के द्वारा संपन्न कराए जा रहे है। जनशिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और राज्य व केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

खबर संक्षेप

मूलभूत सुविधाओं की मांगों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने लिखा पत्र

गोटेगाँव। नगरीय क्षेत्रअंतर्गत जारी विकास एवं निर्माण के क्रम को जारी रखते हुए एवं नगरीय क्षेत्र मे मूलभूत सुविधाओं के दृष्टिगत विभिन्न जनहितेषी कार्यों को लेकर गोटेगाँव नगर पालिका अध्यक्ष पूनम जितेन्द्र ठाकुर ने नगरीय प्रशासन विभाग एवं गोटेगाँव विधायक से पत्र लिखकर उक्त कार्यो को पूर्ण कराने हेतु राशि की मांग की हैं।प्रेषित पत्र मे प्रमुख रूप से शहरी क्षेत्र गोटेगांव में फुआरा चौक पर यात्री प्रतीक्षालय न होने के कारण यात्रियों को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है अतः आमजन की सुविधा के दृष्टिगत 02 नग यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराने हेतु एवं फुआरा चौक पर मूलभूत सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये 02 नग वाटर 'कूलर की स्थापना हेतु राशि की मांग की गयी हैं।उक्त कार्यों का प्रस्ताव बनाकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा शासन को प्रेषित कर दिए गए हैं साथ ही पत्र के माध्यम से राशि की मांग की गयी हैं जिससे जल्द से जल्द कार्य शुरू हो सके। समाचार क्रमांक 01

अटल ज्योति से चल रहे कृषि उपकरण

तेंदूखेड़ा। आम उपभोक्ताओं को अटल ज्योति योजना के अनुसार 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराना शासन की महत्वपूर्ण पहल है। लेकिन इस व्यवस्था से दूसरे अन्य उपभोक्ताओं द्वारा कृषि को सिंचाई करने के लिए ट्रांसफार्मर से बिजली का उपयोग कर रहे हैं जिस कारण से ट्रांसफार्मर पर अधिक भार पड़ने के कारण वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। हमारे प्रतिनिधि को करोंदी क्षेत्र के कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि इस समस्या से जहां वोल्टेज की समस्या बनीं हुई है वहीं विद्युत केबिल लाइन भी हीट होकर जलने की अशंका बनीं हुई है।

शोकाकुल परिवारों में पहुंचे पूर्व विधायक

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न परिवारों में पूर्व विधायक संजय शर्मा अपने साथियों सहित पहुंचे। एवं शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाते हुए अपनी शोक संवेदनाये व्यक्त की।

मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता एवं लगेगा मेला आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भगवान सूर्य के उत्तरायण होने के साथ प्रकृति में होने वाली नई ऊर्जा का संचार समस्त जीवों में पड़ता है, खुशियों के इन पलों को लेकर सनातन परंपरा के अनुरूप मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर बालक एवं बालिकाओं के द्वारा पतंग उड़ाओ महोत्सव एवं मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन तिलक शाला मैदान रिपटापार उद्योग नगरी मोहनलाल कंस्ट्रक्शन देव बाबा मंदिर के बाजू से दोपहर 2 बजे स्व शाम 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम उपरांत पुरस्कार एवं प्रसादी वितरण किया जावेगा। वही झिरना मे लगेगा मेला मकर संक्रांति पर स्थानीय झिरना पर मेले का आयोजन किया जावेगा। आयोजन झिरना सुधार समिति द्वारा बताया गया उक्त मेला दो दिवस तक लगेगा।

छेड़छाड़ के आरोपी को सजा

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर के न्यायालय द्वारा बुरी नियत से छेडछाड करने के प्रकरण में आरोपी बड्डू उर्फ राजकुमार मेहतर निवासी ग्राम बगासपुर, थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को दोष सिद्ध पाते हुए भा.द.वि. की धारा 354 ए में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

50 बिस्तरीय अस्पताल का लोकार्पण

बिना डरे टीबी की जांच और टीका लगवाना जरूरी: मंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 10 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का लोकार्पण किया। यहां नवीन अस्पताल भवन सनातनी मंदिर समिति करेली द्वारा प्रदत्त दो एकड़ की भूमि में बनाया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने टीबी के मरीजों को फूड बास्केट का भी वितरण किया। इस दौरान नवनिर्मित अस्पताल का भी निरीक्षण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि चिकित्सा सुविधा की बात होती है, तो हमें अतीत और भविष्य के बारे में भी सोचना चाहिये। चिकित्सा क्षेत्र में दिन प्रतिदिन जरूरतें बढ़ती हैं, उसकी दृष्टि से शहर तथा अन्य मरीजों के लिए दूर अस्पताल बन जाने से लोगों को आने- जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

टीकाकरण का लें लाभ

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि करेली शहर सनातनी धर्मादा ट्रस्ट राम मंदिर समिति करेली द्वारा दो एकड़ की भूमि अस्पताल के लिए देकर सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया है। इस भूमि पर 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बन जाना वास्तव में अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि करेली नगर सामाजिक सरोकारों के लिए जागरूक नगर है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिले को टीबी मुक्त करने का संकल्प लेना होगा। टीबी की बीमारी से डरने की जरूरत नहीं है। भारत सरकार ने टीबी मुक्त भारत का संकल्प लिया है। हम सबको बिना डरे उस टीकाकरण का लाभ लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि गरीब, अमीर, स्वस्थ व्यक्ति और नशा नहीं करने वाला भी व्यक्ति कहीं न कहीं टीबी का शिकार हो सकता है। इसलिए टीबी की जांच करायें और इसका टीका लगवायें, इसमें कोई दिक्कत नहीं है।

नशा मुक्ति अभियान में करे समर्थन

मंत्री श्री पटेल ने कहा है कि हमारे सामने दूसरी चुनौती नौजवानों की नशे की लत है। हम सभी को इसकी चिंता करनी चाहिये। नशे के खिलाफ जागरूक होने के लिए हमें एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशे के विरोध में और नशा मुक्ति के समर्थन में है, उन सामाजिक, राजनैतिक और तमाम लोगों को मिलकर जिले को नशा मुक्त बनाना होगा। इस अस्पताल को बनाने में जो सक्रिय भागीदारी निभाई उनको धन्यवाद और शुभकामनायें। सांसद चौ. दर्शन सिंह ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों और नागरिकों को टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई। इतना अच्छा अस्पताल और उसका परिसर बनाने के लिए जो जमीन दान में दी है, उस सनातनी धर्मादा ट्रस्ट राम मंदिर समिति को धन्यवाद दिया। सरकार सभी क्षेत्रों में विकास के काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार को पूरे विश्व में मान्यता दी है और आज देश की अर्थव्यवस्था पटरी पर आ गई है।

इनकी रही उपस्थिति

पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने कहा कि सभी नागरिकों को इस अस्पताल में निशुल्क इलाज मिले और हमारा जीवन सुखपूर्वक हो सकें, इसके लिए सनातनी धर्मादा ट्रस्ट राम मंदिर समिति का अस्मरणीय योगदान है। इसके लिए उन्होंने समिति का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में आलोचना की जाती है, लेकिन इस अस्पताल भवन में निर्माण कार्य में एजेंसी द्वारा कोई कोरकसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने निर्माण एजेंसी से अपेक्षा करते हुए कहा कि जो भी निर्माण कार्य किये जायें इसी तरह किये जायें। इस अवसर सांसद लोकसभा चै. दर्शन सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे।

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार युग प्रणेता स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। 12 जनवरी को मौसम के प्रतिकूल होने के बावजूद भी महाविद्यालय के प्राचार्य आर. बी. सिंह व क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को सुनियोजित ढंग से आयोजित कर संपन्न किया गया। प्रातःकाल सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की विशाल प्रतिमा पर अतिथियों व प्राचार्य द्वारा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात मध्यप्रदेश के आकाशवाणी केंद्र से प्रसारित राष्ट्रगीत वंदे मातरम, मध्यप्रदेश गान व मुख्यमंत्री के संदेश के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अगले क्रम में क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षक सुश्री इंदु सिंह व दीपक चैबे के द्वारा महाविद्यालय में उपस्थित समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राओं को सूक्ष्म यौगिक व्यायाम, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान आदि के अभ्यास करवाये गए। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स के माध्यम से उनके जीवन चरित पर आधारित एक चित्र प्रदर्शनी, शश्वत प्रेरणा विषय पर भाषण प्रतियोगिता व स्वामी विवेकानंद के विश्व विख्यात शिकागों व्याख्यान का वीडियो प्रदर्शन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ एस के उपरेलिया, डॉ मनीष अग्रवाल, डॉ आलोक तिवारी, डॉ राजेश ठाकुर, डॉ गणेश सोनी, गजराज मर्सकोले सहित संस्था के सभी कर्मचारी, स्पोर्ट्स, एन सी सी व एनएसएस के छात्र-छात्राओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

ज्ञान योग दिवस के रूप में मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ महर्षि आश्रम कपूरी रोड़ संजय वार्ड में महर्षि जी की 108 वीं जयंती ज्ञान योग दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार नीलेश जाट ने कहा कि आश्रम में वैदिक रीति- रिवाज से जहां शिक्षा देकर भावतीतध्यान और योग से भी लोगों को स्वस्थ्य रहने का सराहनीय कार्य कर रहा है महर्षि जी ने देश का नाम पूरे विश्व में ऊंचा किया। कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष अजीत ठाकुर व रमेश कुमार साहू कहा ने महर्षि जी के व्यक्तित्व कर्तव्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अश्विनी भार्गव ने महर्षि जी का जीवन परिचय देते हुए देश और विदेश में संचालित विद्यापीठ आश्रमो की जानकारी दी एवं आभार प्रदर्शन आचार्य राहुल शर्मा ने किया। इसके पूर्व अतिथियों ने पूजन किया एवं श्री नरसिंह प्रभात फेरी द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। उक्त मौके पर नरसिंह मंदिर के पुजारी बड्डू महाराज, पुजारी जवाहर दुबे, सुभाष ठाकुर, प्रवीण जाट, बल्लू जाट, हेमंत पाठ्य के अलावा क्षेत्रीय नागरिक आश्रम के कर्मचारी अधिकारी एवं शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थी मौजूद थे।

मंत्री श्री पटेल ने किया बरमान मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जिले में नर्मदा नदी के तट पर मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले प्रसिद्ध बरमान मेले का शुभारंभ फीता काटकर और मां नर्मदा नदी की पारंपरिक ढंग से पूजा- अर्चना कर रविवार को किया। मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने मां नर्मदा की महाआरती की। उन्होंने कन्या पूजन और नर्मदा में दीप दान किया। इस दौरान नशा मुक्ति पर संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया। इसके बाद लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया तथा उसके उपरांत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बरमान कलां का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सांसद चौ. दर्शन सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायकद्वय विश्वनाथ सिंह पटेल व महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, पुलिस प्रशासन और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

अधिवक्ताओं ने किया मंत्री श्री पटेल का सम्मान

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस जिला अधिवक्ता संघ द्वारा क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल म.प्र.शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम विभाग का स्वागत व सम्मान समारोह जिला न्यायालय नरसिंहपुर परिसर में किया गया, इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मुकेश शर्मा एवं सचिव सुलभ जैन ने अपने उद्बोधन में अधिवक्तागण को आ रही समस्याओं से अवगत कराया एवं अधिवक्ता संघ के ज्ञापन में लिखी मांगों से सहमत होकर शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया, इस अवसर पर समस्त पदाधिकारीगण व वरिष्ट एवं कनिष्ठ कार्यकरणी ने स्वागत किया, वरिष्ठ अधिवक्तागण व पूर्व अध्यक्ष गण जिला अधिवक्ता संघ मंचासीन रहे। जिनका सम्मान मंत्री श्री पटेल द्वारा किया गया। मंत्री ने स्वयं अपने अधिवक्ता होने संदर्भ की जानकारी दी व अधिवक्तागण की समस्या-समाधान का आश्वासन देकर फर्नीचर एवं पृथक महिला अधिवक्तागण के भवन हेतु धन राशि की घोषणा की उक्त धनराशि की घोषणा की । अधिवक्ताओं के बीच सहज मित्रवत बैठकर अपने पुराने अनुभवों पर खुलकर चर्चा करते रहे।

गुरुकुल स्कूल में दी कानूनों की जानकारी

गोटेगांव। मुरदई रोड पर स्थित गुरुकुल इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल गोटेगांव में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड माननीय श्रीमान बॉवी सोनकर ने यातायात अनुशासन, यातायात नियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के व्यवहारिक प्रावधानों की जानकारी प्रदान करते हुए, हैलमेट व शीट बैल्ट की उपयोगिता व आवश्यकता के संबंध में बताया। कार्यक्रम में व्यवहार न्यायाधीश बॉबी सोनकर ने सायबर विधि के संबंध में विचार रखते हुए मोबाइल एवं तकनीक का सकारात्मक उपयोग करने एवं नकारात्मक या आपराधिक गतिविधियों से बचने की सलाह दी। साथ ही स्टाकिंग, फिशिंग, बैंक फ्राड, आनलाईन गेमिंग आदि सहित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के व्यवहारिक प्रावधानों के बारे में भी बताया। जिसमें न्यायाधीश महोदय ने बच्चों को युवा दिवस के अफसर के अनुसार युवाओं को प्रेरित करने के लिए उनको को सही लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया तथा निःशुल्क विधिक सहायता,राष्ट्रीय गौरव यथा राष्ट्रगान,राष्ट्रगीत,राष्ट्रचिन्ह, राष्ट्रध्वज मूल अधिकार व मूल कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वागत विद्यालय की प्राचार्या करुणा दुबे ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सहाना खानम द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

मेले में लगाई गई आध्यात्मिक क्षेत्र प्रदर्शनी

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रम्हांड घाट में मकरसंक्रांति से लगने वाले 15 दिवसीय मेले के शुभारंभ अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सांसद चौधरी दर्शन सिंह पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल एवं ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री भ्राता जालम सिंह पटेल ब्र कु साधना ब्र कु विनीता एवं अन्य वरिष्ठ राजनीतिक व प्रशासनिक अधिकारी गण व अन्य बी के भाई बहने उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रजापिताब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तेन्दूखेड़ा से राजयोग प्रशिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने मकर संक्रांति एवं युवा दिवस की बधाई देते हुए कहा भारत को विश्व गुरु और स्वर्णिम भारत बनाने में युवाओं की अहम भूमिका है । आज का युवा नशे का गुलाम है। नशा करने से शारीरिक मानसिक आर्थिक नुकसान के साथ पारिवारिक कलह एवं सामाजिक व्यवस्था भी बिगड़ती है, ये सबको मालूम है फिर भी अच्छे अच्छे पद पोजीशन वाले नशे के आदि है। व्यक्ति जानबूझकर नशे का आदी नहीं होता है बल्कि जीवन के उतार चढ़ाव और विषम परिस्थितियों से निकलने में अपने आप को असहाय महसूस करता है । इस तनाव को सहन करने के लिए नशीले पदार्थों का सेवन करना शुरू कर देता है। दीदी ने आगे नशा मुक्ति की कुछ युक्तियां बताई। सभी से व्यशन ना करने की अपील करते हुए सबके सामने कंडीशन रखी। सरकार कोई सख्त नियम बनाये जिससे शराब गुटखा बीड़ी आदि व्यसन बिकना ही बन्द हो जाये। अगर सरकार ये करने में असमर्थ है तो आध्यात्मिकता को अपना लीजिये जिससे आपके अंदर मनोबल बढ़ेगा और आप व्यसन को सहज छोड़ सकते है। ब्रह्मा कुमारीज की अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता राष्ट्रपति सम्मान द्वारा नारी शक्ति सम्मान से पुरस्कृत जीवन प्रबंधन विशेषज्ञ बी.के.सिस्टर शिवानी जीके पावन सानिध्य में भाग्य की कलम आपके हाथ विषय पर विशाल आध्यात्मिक कार्यक्रम दिनांक सोमवार 03 फरवरी 2025 परमहंस कॉलेज खैरी नाका नरसिंहपुर शाम 4:30 बजे से होने जा रहा है जिसमें सभी से उपस्थिति की अपील की गई।

श्रीधाम स्टेशन का डीआरएम ने किया निरीक्षण, दिए सख्त दिशा निर्देश

गुणवत्ता की होगी जांच, ओवरब्रिज निर्माण पर विचार

गोटेगांव। स्थानीय नगर के श्रीधाम रेलवे स्टेशन का पश्चिम मध्य रेलवे के डीआरएम कमल कुमार तलरेजा ने बीते दिवस रेलवे स्टेशन का दौरा किया और वहां चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने अधिकारियों और ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गुणवत्ता पर उठे सवाल, डीआरएम ने दिए जांच के आदेश

मीडिया द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ता संबंधी सवाल उठाए गए। मीडिया ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का अभाव है और सामग्री का इस्तेमाल मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है। इस पर डीआरएम ने स्पष्ट रूप से कहा, ₹गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी और यदि कोई खामी पाई गई तो संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। रेलवे की प्राथमिकता हमेशा से गुणवत्ता और यात्री सुविधा रही है।₹

यात्री सुविधाओं पर ध्यान, ओवरब्रिज पर विचार

मीडिया ने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और अव्यवस्था का मुद्दा उठाया। गोटेगांव खेड़ा और गोटेगांव के बीच रेलवे लाइन क्रॉस करने की समस्या का जिक्र करते हुए कहा गया कि यात्रियों को ट्रैक के ऊपर से या स्टेशन के अंदर से होकर आवागमन करना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका रहती है। इस पर डीआरएम ने कहा, ₹हम इस समस्या को गंभीरता से ले रहे हैं। ओवरब्रिज निर्माण का प्रस्ताव जल्द तैयार किया जाएगा, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध हो सके।₹

स्टेशन के विकास कार्यों पर विशेष जोर

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता, रोशनी की व्यवस्था, प्रतीक्षालय और प्लेटफॉर्म विस्तार कार्य की समीक्षा की। डीआरएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न हो।

स्थानीय यात्रियों की प्रतिक्रिया

डीआरएम के इस दौरे से यात्रियों में उम्मीद जगी है। स्थानीय निवासियों और यात्रियों ने कहा कि ओवरब्रिज की सुविधा लंबे समय से मांग में है। यात्रियों ने यह भी कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार और सुविधाओं के विस्तार से यात्रा का अनुभव बेहतर होगा।

स्टेशन विकास रेलवे की प्राथमिकता

निरीक्षण के दौरान डीआरएम श्री कमल कुमार तलरेजा ने कहा कि श्रीधाम रेलवे स्टेशन का विकास रेलवे के एजेंडे में उच्च प्राथमिकता पर है। यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। डीआरएम ने भरोसा दिलाया कि यात्री सुविधाओं को बढ़ाने और समस्याओं के समाधान में रेलवे पूरी गंभीरता से काम करेगा।